

## नकली शोध से समाज का भला नहीं, उद्योगों का जहरीला पानी साफ करेंगी नई तकनीकें

- सम्राट विक्रमादित्य विवि का
- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे दिन शोध की गुणवत्ता, आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों और पर्यावरणीय चुनौतियों के स्थायी समाधान पर गहन मंथन हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने नवीन अनुसंधान पद्धतियों और आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी हासिल की।**

रिसर्च एथिक्स और गुणवत्तापूर्ण शोध पत्र लेखन पर केंद्रित सत्र में एल्सवियर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च रिलेशन्स संदीप संचेती ने कहा कि मौलिकता, पारदर्शिता और ईमानदारी ही उत्कृष्ट शोध की असली पहचान हैं। शोध का मकसद सिर्फ पेपर छपवाना नहीं, बल्कि समाज, उद्योग और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी समाधान खोजना होना चाहिए। उन्होंने स्कोपस, साइंसडायरेक्ट और मेंडली जैसे वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का सही इस्तेमाल करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने के टिप्स दिए। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर की प्रोफेसर चारु अरोड़ा ने औद्योगिक अपशिष्ट जल से हानिकारक रंगों को हटाने की नई तकनीक पेश की। उन्होंने मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क आधारित कॉम्पोजिट्स की मदद से जल प्रदूषण दूर करने और पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक तरीकों पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

### शोधार्थियों ने सीखा उपकरणों का संचालन

स्पिनको बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी तकनीक पर विशेष हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित की गई। विशेषज्ञ श्रवण तिवारी, भोलेनाथ नांदेया, कार्तिक वाजा और विशाल मोरासिया ने प्रतिभागियों को विश्लेषणात्मक उपकरणों को चलाने, नमूना विश्लेषण करने और डेटा की सटीक व्याख्या का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। अंतिम सत्र में युवा शोधार्थियों ने अपने नवीन शोध निष्कर्षों को मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से साझा किया, जिनका वरिष्ठ विशेषज्ञों ने मूल्यांकन कर उचित मार्गदर्शन किया।

## जाम से राहत की तैयारी, पार्किंग का बनेगा मास्टर प्लान

### नवभारत की खबर का बड़ा असर, अवैध पार्किंग पर सख्त हुए सिंहस्थ मेला अधिकारी



**उज्जैन।** शहर में अवैध पार्किंग और यातायात अव्यवस्था का मुद्दा नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था। खासकर हरिफाटक ब्रिज के आसपास, हरिफाटक मार्ग से महाकाल मंदिर जाने वाले रास्ते पर नीलगंगा क्षेत्र की मंछामन कॉलोनी, साईधाम कॉलोनी, ग्रीन पार्क, वजीर पार्क, केशव नगर सहित आसपास की कॉलोनियों के रहवासी लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं।

सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आम लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। आरोप है कि कुछ पार्किंग ठेकेदार कंपनियां, होटल और होमस्टे संचालक भी सड़क पर ही वाहनों की पार्किंग करवा रहे हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय वाहन चालकों के साथ-साथ महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु और बाहरी यात्री भी इस अव्यवस्था से परेशान हैं।

नवभारत की इस खबर पर संज्ञान लेते हुए सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह ने शनिवार को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर मेला कार्यालय में समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सिंहस्थ के दौरान ही नहीं, बल्कि वर्तमान व्यवस्था को भी ध्यान में रखते हुए वाहन पार्किंग की सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की जाए। ताकि शहर में कहीं भी यातायात बाधित न हो। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अनाधिकृत पार्किंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

यदि व्यवस्था में किसी स्तर पर लापरवाही या कोताही सामने आती है तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उद्देश्य यह है कि उज्जैन के स्थानीय रहवासियों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को पार्किंग की समस्या का सामना न करना पड़े और शहर की सड़कें अवैध पार्किंग से मुक्त रहें। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कुमट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समन्वय और समयबद्ध

बैठक में सिंहस्थ के दौरान पार्किंग व्यवस्था, मेला क्षेत्र में पेयजल, शौचालय, भोजन एवं नाश्ता, टेंट, संचार व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की विभागवार समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 से जुड़े सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

## यूडीए : आपके सपनों का आशियाना, अब नई सुविधाओं के साथ

**उज्जैन।** विकास प्राधिकरण द्वारा पहली बार शहर के मध्य में नानाखेड़ा बसस्टैंड के सामने एक सर्वसुविधायुक्त वाणिज्यिक एवं आवासीय काम्पलेक्स प्रतिकल्पा का निर्माण कार्य किया गया है। यह काम्पलेक्स शापिंग मॉल की तर्ज पर निर्मित किया गया है। काम्पलेक्स का कुल निर्मित क्षेत्रफल 150000 वर्गफीट है। जिसके भूतल पर 9 बड़ी व्यावसायिक दुकानें, प्रथम तल पर 11 दुकानें निर्मित की गई। जो पूर्ण रूप से वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रहेगी। साथ ही द्वितीय तल से

Ujjain Development Authority
website: www.udaujjain.org

सातवें तल तक 29 (3बीएचके) एवं 24 (2बीएचके) निर्मित किये गये। साथ ही काम्पलेक्स में कुल 6 सर्वसुविधायुक्त लिफ्ट भी लगाई है एवं 2 लोअर बेसमेंट भी निर्मित किये गये हैं। जिसमें लगभग 80 कार पार्किंग की व्यवस्था है। इस कार्य की लागत 47.00 करोड़ है। काम्पलेक्स का मुख्य आकर्षण 3 साल तक कोई संधारण चार्ज नहीं होना साथ ही पूर्णत: वातानुकूलित परिसर तथा लोअर बेसमेंट एवं ग्रांउड फ्लोअर पर विशाल पार्किंग एवं 6 हाईस्पीट लिफ्ट और आवासीय एवं वाणिज्यिक परिसर हेतु 3 अलग अलग सीढियों की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही पुरूषों, महिलाओं एवं दिव्यांगों के लिए अलग अलग आधुनिक शौचालयों का निर्माण भी किया गया है। उक्त परिसर में 68 विभिन्न आकार वर्ग एवं श्रेणी की आवासीय एवं वाणिज्यिक सम्पत्तियों की ऑनलाइन बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है।

### संत कृष्ण साह विद्यार्थी नंद गिरी बने जगद्गुरु

**उज्जैन।** वाल्मीकि साधु अखाड़ा अब श्री शंभु पंच दशनाम 13 जूना अखाड़ा में विधिवत रूप से पंजीकृत हो गया है। इसके साथ ही वाल्मीकि अखाड़े के महामंडलेश्वर संत श्री कृष्ण साह विद्यार्थी नंद गिरी जी महाराज को जूना अखाड़े और वाल्मीकि साधु अखाड़े के जगद्गुरु की उपाधि से अलंकृत किया गया है। हरिद्वार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उनका पट्टाभिषेक संपन्न हुआ। महंत ज्ञानी मलाँदा और अनिल देवधरे ने बताया कि वाल्मीकि अखाड़े के साधु लंबे समय से इस पंजीकरण के लिए प्रयास कर रहे थे। इन सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप 23 जुलाई 2026 को श्री शंभु पंच दशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार द्वारा वाल्मीकि साधु अखाड़े को 13 जूना अखाड़े में पंजीकृत कर लिया गया। संत श्री का पट्टाभिषेक समारोह शंभु पंच दशनाम जूना अखाड़ा हरिद्वार के आचार्य महामंडलेश्वर श्री अवधेशानंद जी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत श्री रविंद्र पुरी जी महाराज और जूना अखाड़ा परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक हरि गिरी जी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### एक नजर में



## नवनियुक्त पदाधिकारियों व एल्डरमैन का सम्मान

**उज्जैन।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार उज्जैन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष तथा नगर निगम के पांच एल्डरमैन की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में गीता कॉलोनी स्थित होटल में नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव नियुक्त युवा मोर्चा अध्यक्ष नितिन सेन तथा नगर निगम के एल्डरमैन शैलेंद्र यादव और मनीष खंडेलवाल का निशान यादव एवं रोहित मित्तल, हरीश प्रितवानी के नेतृत्व में साफा पहनाकर, पुष्पमाला से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक रोहित मित्तल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंप रही है। निशान यादव ने कहा कि धार्मिक नगरी उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन होने हैं। ऐसे समय में संगठन के पदाधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इस मौके पर जीतू यादव, जय किशन खत्री, भंवर बना, कुश शाह, मुकेश धनानी, रवि दरबार, लालू तंवर, अजय राय, कुणाल मालवीय, मयंक परिहार, धर्मेंद्र परिहार, नवीन भीमवानी, रितु बाबा, लाला भाई, अंकित टॉक, प्रतीक गहलोत आदि उपस्थित थे।

## आराधना में विलंब न करें, जीवन का भरोसा नहीं




**उज्जैन।** मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरिश्वर की दिव्य कृपा तथा विजय पद्मभूषणरत्न के पावन एवं शुभ सान्निध्य में उज्जैन के अरविंद नगर स्थित श्री वीरमणि प्रवचन मंडप में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत शनिवार 25 जुलाई को आयोजित धर्मसभा में ऋषभरत्नविजय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म आराधना में विलंब क्यों नहीं करना चाहिए विषय पर अत्यंत मार्मिक एवं जीवनोपयोगी प्रवचन दिए। प्रवचन के दौरान पूज्य गुरुदेव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए फरमाया कि जीवन और सांसारिक गतिविधियों का कोई भरोसा नहीं है, इसलिए धर्म की आराधना को कभी भी कल पर नहीं टालना चाहिए। प्रवचन के उपरांत श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण वातावरण में गुरु भक्ति का लाभ लिया।

## यूके में सिद्धार्थ ने दी भरतनाट्यम प्रस्तुति

**उज्जैन।** यूके के ग्लासगो में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के उपलक्ष्य में भारतीय दूतावास एडिनबर्ग और भारत के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से चीयर फॉर भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। एडिनबर्ग के ब्राम्स




बैंक्विट हॉल में आयोजित इस प्रतिष्ठित समारोह में उज्जैन के युवा कलाकार सिद्धार्थ भागचंदानी ने भरतनाट्यम प्रस्तुति देकर देश और शहर का गौरव बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रोजगार, श्रम, युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीया और विशेष अतिथि के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा मौजूद थीं। इस अवसर पर सिद्धार्थ द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव की स्तुति की डॉ. मांडवीया, पीटी ऊषा, दूतावास के अधिकारियों और वहां मौजूद स्कॉटलैंड के भारतीय समुदाय के नागरिकों ने विशेष रूप से सराहना की। सिद्धार्थ उज्जैन की प्रतिकल्पा संस्था की डॉ. पल्लवी किशन और ु मार किशन के पुत्र हैं।

## आजाद जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**उज्जैन।** शहीद पं. चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर जिला उज्जैन द्वारा आजाद प्रेरणा पर्व अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं पुष्पांजलि कार्यस्र5म का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद उद्यान, महाकाल सिंधी कॉलोनी, दो तालाब के पास आयोजित हुआ। शुरुआत शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उद्यान परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा उठाया, झाड़ियां साफ की और परिसर को सुंदर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने संबोधित किया। संजय अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आनंद सिंह , नितिन सेन, मुकेश यादव, वीरेंद्र अंजना, मुकेश पोरवाल, प्रदेश मंत्री कार्तिकेय मिश्रा, हर्ष वर्धन कुशवाह सहित भाजपा के पदाधिकारीगण, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जान की जोखिम में डाल आरोपी को पकड़ने वाले टीआई सम्मानित

- घायल की जान बचाने वाले आरक्षक को भी इनाम से नवाजा गया




**उज्जैन।** टॉवर चौक फायरिंग की घटना में साहस और मानवता का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना माधवनगर के थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया को 10 हजार के नगद पुरस्कार और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मदद करने वाले यातायात आरक्षक अनमोल को 5 हजार का नगद पुरस्कार दिया।

शुक्रवार दोपहर टॉवर चौक पर हुई फायरिंग के आरोपी के पास 4 अतिरिक्त कारतूस भी मौजूद थे। आरोपी द्वारा दोबारा फायरिंग कर बड़ी जनहानि की आशंका थी। ऐसी गंभीर परिस्थिति में थाना प्रभारी गजेंद्र पचौरिया ने अपनी जान की परवाह किए बिना साहसपूर्वक आरोपी का पीछा किया और पकड़ लिया। उनकी त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़ी घटना टल गई। वहीं घटना के बाद घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यातायात आरक्षक अनमोल की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही थी। पुलिस अधीक्षक ने दोनों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कर्त्तव्य के प्रति समर्पण और मानवता का यह उदाहरण अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा है।

### कार्यशैली को जिम्मेदारी से निभाया

थाना प्रभारी अपनी जान जोखिम में नहीं डालते तो आरोपी किसी और पर भी फायर कर सकता था, जिससे किसी की जान भी जा सकती थी। वही आरक्षक अगर गोली लगने पर घायल वृद्ध को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचता तो उसकी मौत हो सकती थी। दोनों ही पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी कर्त्तव्य निष्ठा और पुलिस विभाग की कार्य शैली को जिम्मेदारी से निभाया है।

## कल स्तरीय शतरंज स्पर्धा

**उज्जैन।** शिक्षा विभाग, उज्जैन द्वारा विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन, जिला शतरंज संघ के सहयोग से 27 जुलाई 2026 सोमवार को प्रात: 10 बजे से भारतीय ज्ञानपीठ (माधव नगर रेलवे स्टेशन के सामने, उज्जैन) में किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए शिक्षा विभाग उज्जैन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए किया जाएगा। भारतीय स्कूल की प्राचार्य रचना श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रत्येक आयु वर्ग में पांच-पांच खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने साथ शतरंज का सेट आएं।

## आज मैत्री कारवां 2026

**उज्जैन।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री का दो दिवसीय पारिवारिक आयोजन मैत्री कारवां 2026 आगामी 26 और 27 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। इसमें शहर के 100 से अधिक दंपत्ति सपरिवार शामिल होंगे। सभी सदस्य अपने वाहनों से सामूहिक रूप से इंदौर स्थित स्काई इम्पीरियल, रालामंडल के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्काई इम्पीरियल में ग्रुप की साधारण सभा आयोजित की जाएगी। इसमें वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। इसके साथ ही लाइव म्यूजिक, डीजे और पारिवारिक गेम्स सहित अन्य मनोरंजक गतिविधियां भी होंगी। दूसरे दिन सुबह सभी सदस्य रालामंडल अभयारण्य में ट्रैकिंग करेंगे। स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सदस्यों द्वारा पौधारोपण भी किया जाएगा।

## महापौर ने कहार की मृत्यु पर परिवार को ढांढस बंधाया

- महाकाल की सवारी में देते थे सेवा अर्जुन कहार, मदद का आश्वासन



**उज्जैन।** महाकाल की सवारी में वर्षों से पालकी उठाने की सेवा करने वाले नरसिंह घाट निवासी अर्जुन कहार का शुक्रवार को सर्पदंश के कारण असामयिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही महापौर मुकेश टटवाल उनके निवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। महापौर ने दिवंगत अर्जुन कहार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय तक श्रद्धा और समर्पण के साथ बाबा महाकाल की पालकी सेवा की। उनका निधन अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। महापौर द्वारा परिजनों को आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर जो भी आवश्यक एवं संभव सहायता होगी, उसे उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान कैलाश प्रजापत एवं पार्षद लीला वर्मा भी उपस्थित रहीं और उन्होंने भी शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

### दोस्ती पड़ी भारी, ठगे 48 हजार रुपए

**उज्जैन।** ऑनलाइन फ्रॉड के जाल में इंजीनियर फंस गया। फेसबुक पर युवती से हुई दोस्ती के चक्कर में 48 हजार से अधिक का ट्रांजेक्शन कर दिया। ठगी का आभास पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शिक्षक कालोनी विधानगर में रहने वाले इंजीनियर विवेकानंद पिता भास्कर मिश्रा 32 साल के साथ हुई ऑनलाइन 48 हजार 500 की धोखाधड़ी के मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। इंजीनियर ने शिकायत में बताया कि उसकी कुछ समय पहले फेसबुक पर लंदन के बर्निंघम में रहने वाली युवती से पहचान हुई थी। बातचीत का क्रम वाट्सएप वीडियो कॉल तक आ गया। युवती ने भारत आने की इच्छा जताई। 8 जुलाई को उसने मुम्बई एयरपोर्ट पहुंचने की बात कहीं और बताया कि उसे रोक लिया गया है। दस्तावेज कम होने पर पेलन्टी मांगी जा रही है। मुझे रूपयों की जरूरत है। उसकी बातों में आकर 48 हजार 500 का ट्रांजेक्शन किया। कुछ देर बाद फिर से रूपयों की मांग की गई, उसके पास ऑनलाइन केश नहीं था, वह डराने-धमकाने लगी। जिसके चलते ठगी का आभास हुआ। थाना प्रभारी के अनुसार मामला जांच में लिया गया है, साइबर ठगी करने वालों ने संभवत: पहचान छुपाकर इंजीनियर को अपने जाल में फंसाया था।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे शिवम से संवाद

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के बीएससी ऑनर्स कृषि के छात्र शिवम कुमार मौर्या का चयन प्रतिष्ठित विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026 के लिए हुआ है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि के तहत आगामी 26 जुलाई को प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के चुनिंदा युवाओं से सीधा संवाद करेंगे, जिनमें शिवम भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय में सत्र 2022-26 के मेधावी छात्र शिवम राष्ट्रीय सेवा योजना और माई भारत के सक्रिय स्वयंसेवक भी हैं। आज कार्यक्रम के दौरान चंदौली के जिला कार्यालय में कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सफलता का श्रेय छात्र शिवम ने कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज को दिया है।

एक नजर में — नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

## आपात स्थिति में जीवन बचाने के बताए प्रभावी उपाए

**उज्जैन।** नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस सामुदायिक भवन में सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ प्रशिक्षक डॉ. नरेंद्र गोमे ने निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हृदयाघात, दुर्घटना, बेहोशी, रक्तस्राव, दम घुटने तथा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार प्रदान करने की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस या चिकित्सकीय सहायता पहुंचने से पहले दिया गया। सही प्राथमिक उपचार व्यक्ति का जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिभागियों को सीपीआर देने की सही तकनीक, छाती पर दबाव कृत्रिम श्वसन, दम घुटने की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, रक्तस्राव रोकने के उपाय, घायल व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से संभालने तथा दुर्घटना स्थल पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। डॉ. गोमे ने कहा कि हृदय गति रुकने की स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि सही समय पर सीपीआर दें तो मरीज के जीवन बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इस दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, राघवेंद्र सिंह पालिया, एडिशनल एसपी आलोक शर्मा, अशोक पटेल एवं नगर निगम के अधिकारी, इंजीनियर, कर्मचारी, फायर विभाग के कर्मचारी, पशु गैंग के कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ताकि सहकर्मियों व आम लोगों को सहायता हो

इसी प्रकार सामान्य प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए आवश्यक है, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर अपने सहकर्मियों एवं आम नागरिकों की तत्काल सहायता कर सकें। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी गई, बल्कि डमी मॉडल पर सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीकों का अभ्यास किया तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों के बीच कार्य करते हैं। ऐसे में सीपीआर एवं फर्स्ट एड का प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। इससे वे किसी भी आकस्मिक स्थिति में घबराने के बजाय त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी सहायता प्रदान कर सकेंगे। साथ ही महाकाल सवारी में भी निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी सवारी में सेवा देंगे। जिससे कि यह प्रशिक्षण ओर भी उपयोगी सिद्ध होगा, भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे कर्मचारियों की कार्यकुशलता के साथ-साथ आपदा प्रबंधन क्षमता भी सुदृढ़ हो सके।